


RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA







VOL:01 | ISSUE:115 | TUESDAY, DATE: 10-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# मान का ऐलान, सरकारी टीचर्स को मिलेगा सम्मान

## मुख्यमंत्री ने शिक्षकों-अधिकारियों की स्टेट मीटिंग में 'आइडिया शेयर पोर्टल' लॉन्च कर खास ऐलान भी किया

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को सूबे के शिक्षा मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर के साथ मिलकर पूरे पंजाब के सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मीटिंग की। जिसमें उन्होंने सूबे की शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की मंशा से सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के सिस्टम में बदलाव लाने पर जोर दिया।



पंजाब के सरकारी टीचर विदेश जाकर लेंगे एजुकेशन की ट्रेनिंग

**विदेश जाएंगे प्रिंसिपल...** सीएम ने बड़ा ऐलान किया कि सरकारी स्कूलों के प्रिंसपिल 70 से 80 का ग्रुप बना विदेश में ट्रेनिंग लेने, वहां का एजुकेशन सिस्टम समझने को भेजे जाएंगे। मसलन, जिस देश का एजुकेशन सिस्टम बेहतर है, वहीं भेजेंगे। वैसे अध्यापकों पर सरकार को पूरा है कि वे बच्चों को टॉपर बनाने का दम रखते हैं। बच्चों की जिंदगी में अध्यापक रोल मॉडल होते हैं। परेंट्स से ज्यादा बच्चों के बारे में उनको पता रहता है। मुख्यमंत्री बोले कि अभी पंजाब के शिक्षा क्षेत्र में काफी पीछे है। जरूरत डिजिटल शिक्षा स्तर पर जाने की है। स्कूल की इमारतें बनाने या रंग कराने से शिक्षा का स्तर ऊंचा नहीं होगा। दिल्ली मॉडल के तहत शिक्षा प्रणाली बेहतर बनानी होगी। दिल्ली में एक जिले में 450 बच्चे नीट पास कर रहे हैं, वहां शिक्षा प्रणाली मजबूत है। अधिकारियों के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। शिक्षक सोच बदल सरकार के साथ मिलकर शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाएं।

**परसेंटेज-रेस छोड़ें...** सीएम ने दोटूक कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को परसेंटेज-रेस में शामिल नहीं करना, बल्कि उनमें आत्म विश्वास बढ़ाना है। पंजाब के सरकारी स्कूल में पढ़े बच्चे ऐसे बनें, दुनिया के किसी भी मंच पर बेबाकी से बात कर सकें। यह आत्मविश्वास बच्चों में अध्यापक ही भर सकेंगे।

स्कूल में नए आरओ या पंखें-कूलर लगाने से शिक्षा स्तर ऊंचा नहीं होगा। शिक्षा प्रणाली को बेहतर करने के लिए अध्यापकों को बच्चों के दिमाग में उतरना होगा। बच्चे की जिस विषय में दिलचस्पी हो, उसी तरफ फोकस करें व देशभक्ति बढ़ाने को भी शिक्षा दें।

**प्रेक्टिकल-नॉलेज जरूरी...** मान ने कहा कि सामान्य जिंदगी में काम आने वाला ज्ञान बच्चों को दें, किताबों तक सीमित न रखें। डिजिटल-लाइफ पर जोर दें, ताकि बच्चों को इस बारे में पता लगे। बच्चों को पेपर लेस क्लास, डिजिटल पढ़ाई, चाइल्ड ऑफ द मंथ, पीटीएम आदि का ज्ञान कराएं।

पीटीएम स्कूल में जरूर होनी चाहिए, ताकि पेरेंट्स को अपने बच्चे की पढ़ाई का पता रहे। सरकारी स्कूलों के मालिक अध्यापक ही हैं, वही तय करें कि उनका घर यानि स्कूल कैसे बेहतर रहे। सीएम मान ने कहा कि पुरानी पार्टियों ने शिक्षा स्तर को गिरकर रख दिया था। अध्यापकों से कहा गया था कि कोई बच्चा फेल नहीं करना। यदि इस तरह पढ़ाई होगी तो पंजाब के बच्चे बिना पढ़े ही अगली कक्षाओं में जाते रहेगे। बिना पढ़े बच्चों का अगली कक्षा में जाना कही नही पंजाब को शिक्षा स्तर पर खोखला करने के बराबर है। आम आदमी पार्टी जल्द ही सुधार लाएगी। जो बच्चा कक्षा में पास होगा उसे ही अगली कक्षा में बैठने दिया जाएगा।

**आइडिया शेयर पोर्टल...** इसे लॉन्च करते हुए सीएम ने कहा कि अध्यापक इस पर अपने सुझाव दें कि किस तरह सरकार शिक्षा प्रणाली को बेहतर करें। शिक्षा संबंधी कोई भी सुझाव या शिकायत इस पर दे सकते हैं। अध्यापकों को भी अवार्ड से नवाजा जाएगा। सरकार पढ़ाई के क्षेत्र में अध्यापकों को हर सुविधा देगी। सरकार के पास बच्चों की पढ़ाई के लिए काफी बजट है।

## ओवरस्पीड, शॉर्ट-कट के चलते बढ़ते सड़क हादसे

# जालंधर बाइपास वाले भौरा-कट पर ओवरस्पीड टिप्पर ने राहगीर की टांगें कुचलीं, हालत गंभीर

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। इस महानगर में जिस तेजी से सड़कों पर ट्रैफिक का बोझ बढ़ रहा है, उसकी तुलना में हादसे रोकने के प्रबंध नाकाफी हैं। नतीजतन मंगलवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे जांलधर बाईपास स्थित भौरा चौक वाले कट पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां जैसे ही ऑटो से उतरकर एक व्यक्ति आगे बढ़ा, तेजी से आए रेत से भरे टिप्पर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी दोनों टांगें बुरी तरह कुचल गई। राह गुजरते लोगों ने फौरन खून से लथपथ उस व्यक्ति को घसीटकर फुटपाथ पर डाला। फिर फोन करके एंबुलेंस और पुलिस को सूचित किया। घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसको फौरन सीएमसी अस्पताल ले गए। जबकि मौके पर पहुंची थाना सलेमटाबरी की पुलिस ने रेत से भरे टिप्पर को कब्जे में ले लिया। साथ ही



लोगों ने टिप्पर चालक को घेरकर काबू कर पुलिस को सौंप दिया। करीब पचास साल के घायल बलबीर सिंह ने बताया कि वह होशियारपुर के गांव भीलोवाल के रहने वाले हैं।

पेशे से किसान बलबीर लुधियाना किसी काम से आए थे। जांलधर बाईपास के नजदीक भौरा चौक वाले कट के पास ऑटो से उतरे तो पीछे से आए टिप्पर ने उनको कुचल दिया। उसकी स्पीड इतनी तेज थी कि उनको संभलने का मौका तक नहीं मिला।

### कल उठएंगे राहुल वर्मा यह मुद्दा



पंजाब स्टेट रोड सेफ्टी कौंसिल के मेंबर राहुल वर्मा का इस मामले में कहना है कि कई जगह हाइवे, मेन रोड्स की ड्राइंग बनाने के दौरान खामियां रह जाती हैं। जबकि कुछ जगह वाहन चालक अवेयरनेस की कमी के चलते गलत जगह से यू-टर्न लेते हैं। इसके अलावा एक्सिडेंट प्रोन-जोन में कई जगह चेतावनी बोर्ड नहीं लगे होते हैं। इसके अलावा कई और समस्याएं सड़क हादसों की वजह बनती हैं। लिहाजा कल बुधवार को कौंसिल की मीटिंग में मेरी ओर से यह मुद्दा पूरी गंभीरता से उठाया जाएगा। ताकि बेकसूर लोग हादसों में अपना खून न बहाएं, शार्ट कट्स लेने के चक्कर में लाइफ-शॉर्ट न करें। इसके लिए जल्द अवेयरनेस मुहिम भी चलाने की योजना है।

**कट किसने खुलवाया...** इस हादसे के चलते गंभीर पहलू भी सामने आया कि भौरा चौक के पास वाला कट इललीगल तरीके से खोला गया था। ताकि यहां से गुजरने वाली प्राइवेट बसों और रेत के टिप्परों को शॉर्ट-कट मारने में आसानी हो सके। लोगों के मुताबिक पहले भी यहां सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत होने के अलावा कई राहगीर जख्मी हो चुके हैं।

**जवद्दी कट भी जबरन खोला था...** इसके पहले सदर्न बाइपास स्थित जवद्दी पुल वाला कट भी लोगों ने खुलवाया था। बाद में हादसों के खतरे को देखते हुए उस गलती को सुधारते हुए कट बंद किया गया। जबकि इसी बाइपास पर ही बीते दिनों गलत यू-टर्न लेते समय कार बड़े ट्राला की चपेट में आकर चकनाचूर हो गई थी। जिसमें चालक गंभीर घायल हो गया था।

## फिर मंडराता आतंकी-खतरा

मोहाली स्थित इंटेलिजेंस विंग के हेडक्वार्टर पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड से अटैक होने के बाद एक बार फिर आतंकी खतरे को लेकर पंजाब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हरियाणा में गत दिनों विस्फोटक-हथियारों के साथ पकड़े आतंकी संगठन के चार सदस्यों में से एक लुधियाना का रहने वाला है। इसके पहले महानगर के कोर्ट कांप्लेक्स में आतंकी हमले की गुत्थी अभी तक पूरी तरह नहीं सुलझ सकी है। जबकि बीच-बीच में पंजाब के कई इलाकों में विस्फोटक सामग्री बरामद होने और आतंकियों के पकड़े जाने पर पुलिस व जांच एजेंसियां इस जिले में भी जांच के लिए पहुंचती रही है। ऐसे में कहीं न कहीं यह माना जा सकता है कि जांच एजेंसियों को लुधियाना में भी आतंकी संगठनों के स्लीपर-सैल होने का पुख्ता शक है।

यह शक जाहिर तौर पर वाजिब भी है, क्योंकि सूबे की आर्थिक-राजधानी कहलाने वाले इस महानगर में होने वाली किसी भी बड़ी वारदात का असर देश-दुनिया में देखने को मिलता है। जबकि आतंकी-तत्वों की मंशा भी यही होती है कि वे ऐसी जगह वारदात को अंजाम दें, जिसका असर दुनियाभर में नजर आए। लिहाजा इन तमाम पहलुओं के मद्देनजर शासन-प्रशासन, खुफिया एजेंसियों को यहां भी खास नजर रखनी होगी। जबकि नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए लुधियानवी भी एहतियात बरतने के साथ ही अपने आसपास नजर रखें कि कहीं कुछ संदिग्ध गतिविधियां या वस्तु तो नहीं है, ताकि समय रहते किसी अनहोनी को टाला जा सके।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

## गोदाम में आग लगने से लाखों का माल खाक

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। शहर के किरपाल नगर इलाके में एसी गुप्ता कपड़ा गोदाम में भीषण आग लगने से वहां रखा लाखों रुपये का कच्चे माल का स्टॉक जलकर खाक हो गया। सोमवार देर रात आसपास के लोगों ने इसका पता लगते ही गोदाम मालिक विजय गुप्ता को जानकारी दी।



फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। बताते हैं कि गोदाम में अकसर जाने वाले एक पड़ोसी युवक ने रात में वहां धुंआ उठते देख शोर मचाया तो लोग जमा हो गए। मौके पर पावरकाम के कर्मचारी भी पहुंचे, जिन्होंने इलाके की बिजली काटी। आधी रात के बाद तक दर्जन भर फायर टेंडरों के जरिए आग बुझाने की कोशिशें जारी थीं। रोशनदान न होने से आग अंदर ही कहर बरपाती रही, फिर सीढ़ी लगा फायर कर्मियों ने गोदाम की दीवारें, खिड़कियां आदि हथोड़े से तोड़ीं। जिसके बाद पानी की बौछार गोदाम के अंदर गई। आग लगने के सही कारण पता नहीं चल सके।

## बुधवार को बंद रहेगी को बिजली

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। पीएसपीसीएल की ओर से जारी 11 केवी फीडरों की मरम्मत मुहिम के चलते वीरवार 11 मई को कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी। जानकारी के मुताबिक सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक इससे प्रभावित होने क्षेत्रों में जनकपुरी, किदवई नगर, न्यू किदवई नगर, ताज गंज, बाबा थान सिंह चौक, सुफियां रोड, जनकपुरी थाने के सामने, ट्रांसपोर्ट चौक व आसपास के इलाके शामिल रहेंगे। इसी तरह सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक अमन विहार, जस्सियां रोड, बोपराई मार्केट, गुरनाम नगर, भट्टियां गांव, एचडीएफसी बैंक के पास भट्टियां इलाके की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी।

## मोहाली-अटैक: लुधियाना में भी हाई-अलर्ट




लुधियाना / यूटर्न/9 मई। मोहाली में बीती रात पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस दफ्तर में लॉन्चर-ग्रेनेड से हमले के बाद महानगर में भी हाई-अलर्ट कर दिया गया। यहां काबिलेजिक्र है कि मंगलवार को सीएम भगवंत भी शहर के दौरे पर थे, लिहाजा कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। खासतौर पर मिनी सेक्रेटेरिएट और महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों में आने वालों से गहन पूछताछ व तलाशी के बाद ही उनको अंदर जाने दिया गया। पुलिस व खुफिया तंत्र सार्वजनिक स्थानों पर भी कड़ी नजर रख रहा है।

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें- 9888200619, 9818884612

# रेलवे के स्क्रैप यार्ड में लापरवाही से आग लगने के मामले में होगी विभागीय जांच!

## जांच का पहलू हो सकता है कि आगजनी किसी लापरवाही से या कोई बड़ी साजिश

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। यहां रेलवे के डीजल शेड के साथ स्क्रैप यार्ड में घोर-लापरवाही के चलते भीषण आग लगने का मामला तूल पकड़ सकता है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक इस मामले में रिपोर्ट मिलने के बाद उच्च स्तरीय जांच होनी है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह हादसा लापरवाही के कारण हुआ या इसके पीछे कोई साजिश है। सूत्रों के मुताबिक इस हादसे को लेकर यह आशंका जताई जा रही है कि इसके पीछे इसलिए साजिश हो सकती है, क्योंकि डीजल शैड में पड़े कबाड़ की हेराफेरी और सबूत खुर्दबुर्द करने की कोशिश हुई हो। हालांकि यह तो



आग इतनी भीषण लगी थी कि पेड़ तक चपेट में आ गए, अगले दिन स्क्रैप यार्ड ऐसी हालत में नजर आया। -फोटो:कपिल कत्याल

जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। बताते हैं कि उत्तर रेलवे को घटना की जांच के लिए रिपोर्ट भेजी जाने वाली है। जांच का अहम पहलू यह हो सकता है कि जब बगल में स्क्रैप यार्ड है तो इंजन को मौके पर ही काटने की इजाजत कैसे और किसने दी।

**यह था मामला...** दरअसल कल यह हादसा कंडम इंजन को काटते समय हुआ था। इंजन को नीलामी के बाद निजी कंपनी के कर्मचारी डीजल शैड के अंदर ही काटने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कटर से निकली चिंगारी से स्क्रैप यार्ड में पड़े कबाड़ ने आग पकड़ ली थी। पूरा यार्ड आग की चपेट में आने से हड़कंप मच गया था। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां की कई गाड़ियां खाली होने के बाद आग पर काबू पाया जा सका था।

# पंचायती जमीन से कब्जा हटवाया



लुधियाना/यूटर्न/9 मई। पंजाब सरकार की पंचायती जमीनों से कब्जे हटवाने की मुहिम के तहत यहां गांव ब्लोकी के पास कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत के अधीन आने वाली इस जमीन पर काबिज व्यक्ति ने इसका मालिकाना हक अपने पास नहीं होने और पंचायत को सौंपने संबंधी लिखित मंजूरी भी दी।

# मौसम के तेवर रहे तल्ख



लुधियाना/यूटर्न/ 10 मई। महानगर में सुबह हवा चलने के बाद दोपहर होने तक मौसम के तेवर तल्ख हो गए इसके चलते चिलचिलाती धूप में लोगों को काफी परेशान किया दिन ढले लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की। -फोटो:विशाल ढल्ल

# संत-महापुरुषों के आशीर्वाद बिना धार्मिक कार्य अधूरे रहते है : अमन जैन/अनुज मदान







लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। लुधियाना सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर शंकराचार्य नगर हैबोवाल कलां, जोशी नगर धाम हैबोवाल कलां में स्वयं श्री बालाजी जी महाराज व् संत महापुरुषों को 18 वां वार्षिक स्थापना दिवस (27 मई) के निमंत्रण देने के साथ ही इस महायज्ञ रूपी समारोह का शुभारम्भ हो चुका है व् प्रथम चरण में प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में महामंडलेश्वर 1008 स्वामी वेद भारती जी महाराज,स्वामी विवेक भारती जी महाराज,स्वामी विश्व भारती जी महाराज को भाव सहित स्थापना दिवस के निमंत्रण दिए गए। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान ने कहा कि संत महापुरुष हमारे सनातन धर्म की नींव है जिनके सानिध्य में आज धर्म की पताका फहरा रही है और धार्मिक समागम में संत महापुरुषों का आशीर्वाद अनिवार्य है उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी महान समागम संत महापुरुषों के आशीर्वाद के बिना सफल नहीं होते और संत महात्माओं की वाणी, ज्ञान, उपदेश ही हमें धर्म की राह पर चलने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा, अकाली दल से रणजीत सिंह ढिल्लो, निशांत चोपड़ा, नीलम चोपड़ा परिवार, विश्वनाथ सेठी परिवार, इंदु शर्मा, राधा कृष्णा, अशोक मल्होत्रा, विपन, एस पी शर्मा, आदि को वार्षिक आयोजन के निमंत्रण दिए गए।

# धर्मयात्रा महासंघ ने राजपूत समाज के वरिष्ठ नेता अमरेन्द्रा गोविंद राव को सौंपी पंजाब प्रांत इकाई अध्यक्ष पद की कमान

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। धर्मयात्रा महासंघ ने राजपूत समाज के वरिष्ठ नेता अमरेन्द्रा गोविंद राव को पंजाब प्रांत इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं संत सिंह राणा व रविन्द्र वर्मा को प्रांत महामंत्री, श्रीमति पूर्वा सिंह, राज कुमार राणा,दविन्द्र ग्रोवर को उपाध्यक्ष, श्री राम भवन गोस्वामी, डा.कमलजीत सिंह सोई, राजेश भारद्वाज व रोहित मेहरा को प्रांतीय मंत्री व अवतार सिंह भाटिया को प्रचार मंत्री पद की जिम्मेदारियां सौंपी। धर्मयात्रा महासंघ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल की अध्यक्षता में सिविल लाइन्ज स्थित समिति केंद्र में आयोजित बैठक के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को जिम्मेदारियां सौंपी।



इस अवसर पर संगठन मंत्री विजयपाल, विभाग मंत्री पाली सहजपाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व महाराणा प्रताप राजपूत सभा के पदाधिक्कारी भी उपस्थित रहे। धर्मयात्रा महासंघ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने संघ की तरफ से किए जाने वाले कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन अलग-अलग तीर्थ स्थलों में यात्रियो की सेवा सहित चिकित्सा सहित भोजन की व्यवस्था करता है। वहीं धार्मिक यात्राओं में प्रबंधों की मदद सहित यात्रियों के विश्राम की व्यवस्था करता है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने बताया कि यात्रा महासंघ का उद्देश्य समाज में फैले जातिवाद, अलगाववाद के विष का समूल नाश कर समाज में एकता का भाव जागृत करना है।

# रोजगार ब्यूरो द्वारा आयोजित करियर परामर्श सत्र

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। रोजगार ब्यूरो द्वारा कॉलेज के छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एक करियर परामर्श सत्र आयोजित किया गया था। इस सत्र में मास्टर तारा सिंह मेमोरियल कॉलेज फॉर विमेन लुधियाना की 45 छात्राओं ने भाग लिया। इस सत्र में आगामी सरकारी नौकरियां, डी०बी०ई०ई० में उपलब्ध सुविधाएं, प्लेसमेंट कैंप, लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सरदार नवदीप सिंह (डिप्टी सीईओ) ने छात्र-जीवन में आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए प्रेरित किया और जोर देकर कहा कि करियर की खोज अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मोबाइल फोन और इंटरनेट के सर्वोत्तम उपयोग पर चर्चा की और कहा कि हमें हमेशा अपने दोस्तों और परिवार के साथ नौकरी की जानकारी साझा करनी चाहिए ताकि हर कोई नौकरी के विभिन्न अवसरों के बारे में जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि इस तरह का मंच छात्रों को जीवन भर करियर चुनने में मदद करेगा। डॉ निधि सिंघी (कैरियर काउंसलर) ने छात्रों को



विभिन्न उभरते करियर विकल्पों से परिचित कराया। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि आज करियर के व्यापक विकल्प उपलब्ध है और छात्रों को उसी पर मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न वेबसाइटों के लिंक साझा किए।

# दुष्कर्म पीड़िता पहुंची सीएम से मिलने

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। पूर्व विधायक सिमरजती सिंह बैंस के खिलाफ दुष्कर्म का आपराधिक मामला दर्ज करवाने वाली महिला फिर से सीएम से मिलने के लिए रिजॉर्ट के बाहर पहुंच गई थी। मुख्यमंत्री इससे पहले 5 मई को भी लुधियाना पहुंचे थे और इस दौरान भी उक्त महिला



उसे मिलने के लिए गई थी मगर मुख्यमंत्री उसे नहीं मिले थे। पीड़िता का कहना है कि कांग्रेस की सरकार के दौरान पूर्व विधायक को शैल्टर मिलता रहा है और अब आम आदमी पार्टी की सरकार में भी सिमरजीत सिंह बैंस को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जबकि उसे भगोड़ा और अब वांटेड करार दिया जा चुका है।

# शहीद सुखदेव की जन्म स्थली पर सातवें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल



लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट की तरफ से शहीद सुखदेव की जन्म स्थली के सौंदर्यकरण व चौड़ा बाजार से सीधा रास्ता देने के लिए खड़ी की जा रही अड़चनो के विरोध में की जा रही क्रमवार भूख हड़ताल के सातवें दिन एडीसी अमरजीत सिंह बैंस, एस.डी.एम गुरवीर सिंह व नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर आदित्य डचलवाल ने जन्म स्थली को चौड़ा बाजार से सीधा रास्ता देने के लिए अड़चन बन रही करीब 40 वर्ग गज भूमि का जायजा लिया। दूसरी तरफ ट्रस्ट अध्यक्ष व शहीद सुखदेव के वंशज अशोक थापर, आशीष बौनी, समर सिंह राठौर, चेतन मल्होत्रा व सुनील ठाकुर ने मंगलवार की भूख हड़ताल में शमूलियत की। शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पवन गर्ग ने शहीद सुखदेव थापर की जन्म स्थली के साथ वर्षो से राजनितिज्ञों की तरफ से हो रहे सौतेले व्यव्हार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि एक तरफ तो शहीद भगत सिंह की जन्मस्थली पर सरकारों ने समय-समय पर करोड़ों रुपये खर्च किए। शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट को पिछले तीस वर्षो से धरने प्रर्दशन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

जन्मदिन मुबारक



जावेद परवेज



करन

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
T&C
belfrance bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# बायर सेलर मीट के दौरान विंटर गारमेंट की बुकिंग करते हॉजरी निर्माता



होटल पार्क प्लाजा में विजिटरों को रेजनिट की नई कलेक्शन दर्शाते कंपनी अधिकारी।




होटल हयात में बुकिंग के दौरान विजिटरों को कलेक्शन दर्शाते सुपरकिड के सौरभ धवन।



होटल पार्क प्लाजा में लाविटा के मालिक मुकेश गांधी विजिटरों को कलेक्शन दर्शा बुकिंग करते।



बुकिंग के दौरान विजिटरों को कलेक्शन दर्शाते काउंसल हॉजरी के मालिक।

## उद्योग-व्यापार की बेहतरी को डायलॉग मीटिंग संपन्न

### सीआईसीयू प्रेसिडेंट ने दिए अहम सुझाव

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। पंजाब में इंडस्ट्री और कारोबार की हालत में सुधार की मंशा से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में एक डायलॉग मीटिंग रखी गई। जिसमें पंजाब के विकास के लिए प्रतिष्ठित उद्योगपति से सुझाव साझा किए गए। इस मौके पर पंजाब के चीफ सेक्रेटरी अनिरुद्ध तिवारी और एडिश्नल प्रिंसिपल सेक्रेटरी समेत कई वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में उद्यमियों का प्रतिनिधित्व न्यू स्वान ग्रुप के सीएमडी व सीआईसीयू के प्रेसिडेंट उपकार सिंह आहूजा ने किया। उन्होंने युवा रोजगार और कौशल विकास, उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की शुरूआत जैसे प्रमुख



विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने मिक्स लैंड एरिया, पर्यावरण संबंधी मुद्दे, भवन योजना अनुमोदन, विभिन्न सरकारी विभागों से मंजूरी, एसजीएसटी, सीजीएसटी और आईजीएसटी की वापसी पर चर्चा की। साथ ही पंजाब में व्यापार को बढ़ावा देना, व्यवसाय करने में आसानी को लेकर अहम सुझाव भी दिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को राज्य सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया। साथ ही व्यापार करने में आसानी और पंजाब को देश में निवेश का सबसे अच्छा प्वाइंट बनाने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने उनके वादों को लेकर उत्साह दिखाया।

## क्रिप्टोकरेंसी पर 30% टैक्स के अतिरिक्त लग सकती है 28% जीएसटी

नई दिल्ली / यूटर्न / 10 मई। वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद, क्रिप्टोकरेंसी पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जीएसटी काउंसिल आगामी बैठक में क्रिप्टोकरेंसी पर टैक्स लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा कर सकती है। बैठक की तारीख अभी तय नहीं हुई है। माना जा रहा है कि प्रस्तावित 28 प्रतिशत जीएसटी क्रिप्टो परिसंपत्ति लेनदेन से आय पर 30 प्रतिशत आयकर के अतिरिक्त होगी। बता दें कि केंद्रीय बजट 2022-23 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्चुअल डिजिटल संपत्ति के ट्रांसफर से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव रखा था। नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो गए हैं। नए नियमों के अनुसार, क्रिप्टोकरेंसी सहित सभी वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों से होने वाले लाभ पर 30 प्रतिशत कर लगेगा। क्रिप्टोकरेंसी सहित वर्चुअल डिजिटल एसेट्स से होने वाला लाभ कर योग्य है, भले ही करदाता की कुल आय 2.5 लाख रुपये की सीमा से कम हो। 28 फीसदी जीएसटी लगाने से क्रिप्टोकरेंसी पर भारी टैक्स लगने लगेगा। जहां तक कराधान के स्तर का संबंध है, यह क्रिप्टोकरेंसी को कैसीनो, सट्टेबाजी और लॉटरी के बराबर ले आएगा।



## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के टेक समुदाय में 5 भारतीय स्टार्टअप किये गये शामिल

नई दिल्ली / यूटर्न / 10 मई। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने मंगलवार को कहा कि भारत के 5 सहित 100 नए स्टार्टअप उसके टेक्नोलॉजी पायनियर्स कम्युनिटी में शामिल हो गए हैं। इनमें स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर मेटावर्स तक शामिल हैं। पांच भारतीय संस्थाओं में Vahan ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए एक पूर्ण-स्टैक श्रम बाजार का निर्माण कर रहा है। SmartCoin फाइनेंशियल्स एक तकनीक-संचालित वित्तीय समावेशन मंच है, जो वंचित लोगों को सशक्त बनाता है और Recykal एशिया का पहला सर्कुलर इकोनॉमी मार्केटप्लेस है। डब्ल्यूईएफ ने सूची में भारतीय स्टार्टअप के बारे में कहा कि Proeon बेहतर स्वाद, बनावट और पोषण के साथ अगली पीढ़ी के प्लांट प्रोटीन बना रहा है, जबकि Pandocorp तेजी से रसद क्लाउड के साथ आपूर्ति श्रृंखला निष्पादन को बेहतर




बना रहा है। WEF ने कहा कि युवा और बढ़ती तकनीकी कंपनियों से भरा 2022 का समूह स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य उत्पादन और अत्याधुनिक तकनीकों के साथ नए रास्ते बना रहा है। 22 से 26 मई को स्विस स्की रिसॉर्ट शहर दावोस में WEF की वार्षिक बैठक से कुछ दिन पहले इस सूची की घोषणा की गई है। इस साल के इनटेक में Emerge भी शामिल है, जो वर्चुअल मीटिंग में यूजर के लिए टच डिवाइस के विकास से वर्चुअल इंटरैक्शन में सुधार कर रहा है।

## एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दरों में किया इजाफा

नई दिल्ली / यूटर्न / 10 मई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को तोहफा दिया है। दरअसल, बैंक ने दो करोड़ रुपये और उससे अधिक की डोमेस्टिक बल्क एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। एसबीआई की ओर से इस बदलाव की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर कहा गया है कि नई दरें मंगलवार 10 मई 2022 से लागू हो गई हैं।

मंगलवार को की गई बढ़ोतरी के बाद हालांकि, सात दिनों से 45 दिनों की मैच्योरिटी वाली जमा राशि पर तीन फीसदी की दर से ही ब्याज दिया जाएगा, क्योंकि बैंक ने इस ब्रैकेट पर ब्याज में वृद्धि नहीं की है। लेकिन 46 दिनों से 149 दिनों तक की मैच्योरिटी वाली एफडी अब 50 आधार अंक (बीपीएस) अधिक यानी 3.5 फीसदी की दर से ब्याज दिया जाएगा। इसके अलावा नए बदलाव के बाद 180 दिनों से 210 दिनों की अवधि वाली एफडी पर अब 3.50 फीसदी ब्याज दिया जाएगा। इसके




अलावा 211 दिन से अधिक और एक साल से कम की एफडी पर 3.75 फीसदी, जबकि एक साल से अधिक और दो साल से कम की अवधि वाली एफडी पर चार फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एसबीआई ने एक साल में परिपक्व होने वाली एफडी पर ब्याज दर को 3.6 फीसदी से 40 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करते हुए चार फीसदी कर दिया है। वहीं दो साल से लेकर तीन साल से कम वाली एफडी पर 3.6 फीसदी के बजाय 4.25 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। इसके अलावा तीन साल से लेकर पांच साल से कम की अवधि में परिपक्व होने वाली एफडी पर 3.6 फीसदी और पांच साल से दस साल तक की अवधि की जमा पर 4.5 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक 50 बेसिस प्वाइंट का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

## पाम तेल निर्यात टैक्स को आधा कर सकता है मलेशिया

कुआला लुम्पुर। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद सूरजमुखी तेल शिपमेंट बाधित होने और पाम तेल निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के इंडोनेशिया के कदम के बाद मलेशिया खाद्य तेल बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मलेशिया के कमोडिटी मंत्रालय ने वैश्विक खाद्य तेल की कमी को पूरा करने और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े पाम तेल उत्पादक की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पाम ऑयल निर्यात कर को आधा करने का प्रस्ताव दिया है।

बागान उद्योग और कमोडिटी मंत्री जुरैदा कमरुद्दीन ने मंगलवार को समाचार एजेंसी रॉयटर्स के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उनके मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय को कटौती का प्रस्ताव दिया है, जिसने विवरण के लिए एक



समिति का गठन किया है। जुरैदा ने कहा कि मलेशिया कर में कटौती कर सकता है, यह संभवतः एक अस्थायी उपाय है। वर्तमान 8% कर है, जिसे से 4% से 6% किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जून की शुरुआत में इस परफैसला लिया जा सकता है।

जुरैदा ने कहा, संकट के इस समय के दौरान, शायद हम थोड़ी रियायत दे सकते हैं ताकि ज्यादा पाम ऑयल निर्यात किया जा सके।ऱ जुरैदा ने कहा, ऱहमें पहले दुनिया को खाना देने के लिए प्राथमिकता देनी होगी। बता दें कि पाम तेल, केक से लेकर डिटर्जेंट तक हर चीज में इस्तेमाल किया जाता है। यह वैश्विक वनस्पति तेल शिपमेंट का लगभग 60% हिस्सा है और शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया द्वारा इसके निर्यात पर रोक लगाए जाने से बाजार हिल गया है। जुरैदा ने रॉयटर्स को बताया कि आयात करने वाले देशों ने मलेशिया से अपने निर्यात करों को कम करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, उन्हें लगता है कि यह (निर्यात कर) बहुत ज्यादा है। ऐसा पूरी आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य तेल की कीमत के कारण है। उन्होंने कहा कि मलेशिया अपने बी30 बायोडीजल मैंडेट के कार्यान्वयन को भी धीमा करेगा।

## हरियाणा में बीते 12 महीनों में आया 28,000 करोड़ रुपये का निवेश: चौटाला

चंडीगढ़ / यूटर्न / 10 मई। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को कहा कि राज्य में कारोबारों को फलने-फूलन के लिए मुहैया कराए जा रहे अनुकूल वातावरण की वजह से बीते 12 महीने में 28,000 करोड़ रुपये का निवेश आया है। उद्योग एवं वाणिज्य, आबकारी एवं कराधान और नागर विमानन मंत्री चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम में हेलीकॉप्टरों के लिए केंद्र बनाया जाएगा और यह देश में इस तरह का पहला केंद्र होगा। इसे करीब 25 एकड़ भूमि में द्वारका के निकट विकसित किया जाएगा। चौटाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस बारे में केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के बनने से हेलीकॉप्टर कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी जो व्यवसायों, मनोरंजक यात्राओं और तीर्थ यात्राओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा, बड़ी कंपनियां हरियाणा में निवेश कर रही हैं। बीते एक साल में राज्य में 28,000 करोड़ रुपये का निवेश आया है। उन्होंने बताया कि मारुति सुजुकी सोनीपत जिले के खारखेड़ा में 900 एकड़ से अधिक जमीन पर नया संयंत्र बना रही है। गुरुग्राम में एटीएल कंपनी की बैटरी विनिर्माण इकाई बन रही है जो अगले साल तक परिचालन शुरू कर देगी।



# पंजाब को एक बार फिर आतंकवाद की आग में झोंकने की साजिश को रोके सरकार : चुघ

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव का तंज मान कठपुतली न बनें केजरीवाल की

चंडीगढ़ / यूटर्न / 10 मई। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की आप आदमी पार्टी की सरकार ने अति संवेदनशील राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। देश विरोधी संगठनों के विरुद्ध बरती ढिलाई ने प्रदेश में एक बार फिर आतंकवाद के पुनर्जीवित होने का खतरा पैदा कर दिया है। उन्होंने रोष जताया कि राजनीतिक आका यानि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की महत्वकांक्षा की पूर्ति के लिए दूर राज्यों में चुनाव प्रचार करने वाले सीएम भगवंत मान ने पंजाब को अराजक ताकतों के रहमो-करम में छोड़ दिया है। केजरीवाल जिस तरह से पंजाब की स्थिति पर ट्वीट करते हैं, उससे पता चलता है कि राज्य पर उनका सीधा नियंत्रण है। पंजाब जैसे राज्य का मुख्यमंत्री केजरीवाल की ₹कठपुतली₹ बनकर रह गए हैं। प्रदेश में आम आदमी पार्टी के गठन व आतंकवादी घटनाओं के बीच के क्या सबंध है,यह जांच का विषय है। चुघ ने कहा कि आप सरकार के पिछले करीब डेढ़ महीने के दौरान राज्य में दो दर्जन आतंकवादी गतिविधियों की घटनाएं हुई हैं, जो न केवल चिंता का विषय है, बल्कि देश के लिए बड़ी चिंता का विषय है। पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में बात करने के लिए केजरीवाल के औचित्य पर सवाल उठाया पूछा कि क्या यह संवैधानिक मजाक नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री दूसरे राज्य की जिम्मेदारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की पृष्ठभूमि के कारण आतंकवादी पंजाब के लिए खतरा बन रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि जब से केजरीवाल ने हिमाचल प्रदेश में कदम रखा है, तब से खालिस्तानी तत्व उस शांतिपूर्ण राज्य में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने मान को सलाह दी कि पंजाब में शांति के लिए केजरीवाल को पंजाब से दूर रखना सीखें।



## मोहाली हमले के बाद सांसद बिट्टू की आप सरकार को बड़ी नसीहत



चंडीगढ़ / यूटर्न / 10 मई। मोहाली में सोमवार देर शाम इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हमले के बाद सियासी माहौल भी गर्मा गया है। भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी पंजाब की आप सरकार को निशाने पर लिया। लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने भी ट्विट कर मान सरकार को नसीहत दे डाली। बिट्टू ने कहा कि पंजाब में असामाजिक लोग सरेआम धमकियां दे रहे हैं। सरकार असामाजिक लोगों की धमकियों को लेकर गंभीर नहीं है। सरकार को चाहिए कि इस मामले में गंभीरता दिखाए।

पंजाब के सुरक्षा प्रमुखों को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभानी चाहिए। असामाजिक लोग किस तरह जांच एजेंसियों के दफ्तरों पर हमले कर रहे हैं, ये अपने आप में बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि सीएम भगवंत मान को पंजाब का माहौल शांत रखने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। समय रहते असामाजिक लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पंजाब का माहौल शांत रहे और लोग अपने आप को सुरक्षित समझ सकें।

## 60 एकड़ सरकारी ज़मीनों को नाजायज कब्जों से मुक्त करवाया

साहनेवाल / यूटर्न / 10 मई। पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने मंगलवार को सरकारी ज़मीनों को नाजायज कब्जों से मुक्त करवाने के लिए अपनी सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराया है, उन्होंने कहा कि पंचायती ज़मीनों से हर हाल नाजायज कब्ज़े छुडवाए जाएंगे चाहे इन ज़मीनों पर गलत ढंग से काबिज़ लोग कितने भी रसूखदार क्यों न हों। कैबिनेट मंत्री ने यह बात आज साहनेवाल सब -डिविज़न के गाँव मंड चौंता की 60 एकड़ 4कनाल 11 मरले ज़मीन से नाजायज कब्ज़े छुडवाने के उपरांत पत्रकारों के साथ बातचीत करते कही। इस मौके उनके साथ विधायक हरदीप सिंह मुंडीयां, जगतार सिंह दयालपुरा, जीवन सिंह संगोवाल, एडीसी (ग्रामीण विकास) अमित कुमार पंचाल, डीडीपीओ संजीव कुमार के इलावा और भी उपस्थित थे। उन्होंने ज़िला प्रशासन लुधियाना के यतनों की भी श्लाघा की, जहाँ अब तक कुल 121 एकड़ (आज की 60 एकड़ 4 कनाल 11 मरले समेत) सरकारी ज़मीन को नाजायज कब्जों से मुक्त करवाया गया है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी खुलासा किया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग ने अब तक सूबे भर में कई सौ एकड़ ज़मीन खाली करवाई है। उन्होंने कहा कि गाँव मंड चौंता में 60 एकड़ 4कनाल 11 मरले ज़मीन पर साल 2007 से शिरोमणि अकाली दल-भाजपा की पंजाब सरकार समय पर से ही गाँव के अलग-अलग 18 व्यक्तियों का नाजायज कब्ज़ा किया हुआ था। पिछली सरकारों शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस दोनों की तरफ से ऐसीं ग़ैर -कानूनी गतिविधियों के विरुद्ध कोई ठोस कदम न उठाने संबंधी बोलते हुये कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी की सरकार आने वाले दिनों में कब्जों के विरुद्ध चल रही मुहिम को और तेज़ करेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मज़बूत 'राजनैतिक इच्छा शक्ति' के द्वारा यकीनी बनाया जा सकेगा जिसको आम आदमी पार्टी पहले ही लागू कर चुकी है।



## बीसीएम आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर की ओर से 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। बीसीएम आर्य पूर्व छात्र फाउंडेशन बीसीएम आर्य सेकेंडरी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर लुधियाना के सहयोग से एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ 13 मई, 2022 से शुरू होने वाले 10 दिवसीय क्रिकेट समारोह का आयोजन कर रहा है। स्कूल के पूर्व छात्रों के विभिन्न बैचों की आठ टीमों की निगाहें ट्रॉफी और 31,000 के नकद पुरस्कार के लिए होंगी।

उपविजेता को विभिन्न प्रायोजकों द्वारा प्रायोजित 15000 का नकद पुरस्कार मिलेगा। 10 दिवसीय लीग 13 मई से 22 मई तक स्कूल में खेली जाएगी और इसमें 8 अलग-अलग टीमों के 16 मैच होंगे। टीमों को चार टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक टीम लीग चरण में 3 लीग मैच खेलेगी जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल होगा। सभी मैच 10 ओवर के होंगे और शाम को फ्लड लाइट में खेले जाएंगे। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि पुराने छात्रों का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। एलुमनी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद ढींगरा ने कहा कि स्कूल ने जो मूल्य दिए हैं, वे पुराने छात्रों को स्कूल से जोड़ने में सहायक रहे हैं। लीग की कोर आयोजन समिति के सदस्य। आदित्य महाजन, दीपक, आकाशदीप और गौरवदीप सिंह ने टूर्नामेंट के टीज़र का अनावरण किया। मैडम प्रिंसिपल द्वारा ट्रॉफी और लीग का भी अनावरण किया गया।





लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। रख बाग में लुधियाना नगर निगम के स्विमिंग पूल को आज से जनता के लिए खोल दिया गया।

## उद्योगों में स्किल एवं वोकेशनल ट्रेनिंग को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सत्र आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। चैंबर आफ इंडस्ट्रीयल एंड कामर्शियल अंडरटेकिंग्स (सीआइसीयू) के बैनर तले उद्योगों में स्किल एवं वोकेशनल ट्रेनिंग को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें पंजाब के तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल भंडारी, डायरेक्टर डीपीएस खरबंदा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में चैंबर के प्रधान उपकार सिंह आहुजा ने कहा कि उद्योगों को कुशल कारीगर नहीं मिल पा रहे हैं। इसके चलते उत्पादन क्षमता व गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। तकनीकी शिक्षा विभाग और उद्योग मिल कर इस कमी को दूर कर सकते हैं। आहुजा ने कहा कि चैंबर अर्से से रोजगार मेले भी आयोजित कर रहा है। इसमें चयनित युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अब इसमें सरकार का भी सहयोग जरूरी है। बदलते परिवेश में उद्योगों में तकनीक तेजी से बदल रही है। कारीगरों को उसी मुताबिक प्रशिक्षित करना भी बड़ी चुनौती है।इस अवसर पर राहुल भंडारी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा विभाग भी उद्योगों के साथ मिलकर उनकी जरूरत के हिसाब से कारीगरों को प्रशिक्षित करेगा ताकि इस गैप को कम किया जा सके। इस अवसर पर जेएस सोखी, डीएस चावला, चरणजीत सिंह विश्वकर्मा, अंब्रीश जैन समेत कई उद्यमी मौजूद रहे।

## अलगाववादी आंतकी ताकतों के मंसूबे हम कभी कामयाह नहीं होने देंगे: शिवसेना

लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। पंजाब में आंतकवादी घटनाएं लगातार घटित हो रही है। असामाजिक तत्व देश विरोधी ताकते अपनी उपस्थिति बड़ी मजबूती से दर्ज कराती हुई प्रतीत हो रही है। इन विचारों का प्रकटावा शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब व राजस्थान कृष्ण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव देम, उपाध्यक्ष मनि कुमार, संगठन मंत्री चंद्र कालड़ा, इंडस्ट्री सेल पंजाब अध्यक्ष बॉबी मित्तल, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र भगरिया ने सयुंक्त रूप से कहा कि पंजाब में पाकिस्तान के इशारे पर अलगाववादी आंतकी ताकते अपना सिर उठा रही हैं। असामाजिक तत्व पंजाब का माहौल खराब करने के लिए पूरी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं और साजिशों के तहत हिंदू सिख भाईचारे में जहर घोलने की कोशिश की जा रही है जिसका मुख्य सूत्रधार गुरपतवंत सिंह पन्नू है जो पंजाब की नौजवान पीढ़ी को गुमराह कर रहा है, जिसे शिव सेना हिंदुस्तान कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। किस का ताजा सबूत करनाल तरनतारन में विस्फोटक सामग्री सहित अंत की गतिविधियों में शामिल लोगों का पकड़े जाना हैं और अभी हाल ही में मोहाली इंटेलिजेंस हेड क्वार्टर पर हमला बहुत ही निंदनीय है और इसका जीता जागता सबूत भी है। उपरोक्त नेताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता जी सहित पार्टी की वरिष्ठ लीडरशिप बहुत पहले से यह अंदेशा जता रही थी कि पंजाब में आतंकी ताकतें किसी भी हद तक जाकर पंजाब को आंतकवाद की भट्टी में झोंकने की तैयारी कर रही हैं पर पंजाब पुलिस ने बड़ी तादाद में असला-बारूद सहित ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जहां अनहोनी घटनाओं को रोकने की कोशिश की। हमारी पंजाब सरकार से अपील है इसके विषय में सख्त कार्रवाई की जाए।



# फ्री बर्डस क्लब ने फिरोजपुर रोड के रेस्तरां में मदर्स डे मनाया



लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। फ्री बर्डस क्लब ने फिरोजपुर रोड के एक रेस्तरां में मदर्स डे मनाया, जिसमें माडलिग, गेम्स, डांस व फन गेम्स का आयोजन किया गया। माताओं को समर्पित एक नाटक नाव्या कौर, रितू चांदना और नेहा मित्तल ने प्रस्तुत किया जिसे देख सभी भावुक हो उठे। इस मौके पर मदर्स ने रैंपवाक भी की। इस दिन विशेष तौर पर डा. गगनप्रीत कौर, सीनियर कंसलटेंट पीडियाट्रिक्स डा. तानिया महल, बबीता बजाज शामिल हुई। इस मौके क्लब की संस्थापक गुनीता बिद्रा, निदेशक अनुपमा रावल, प्रभजोत कौर, सोनिया ओबेराय, बाबा मागो भी मौजूद रही। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

## पंजाब पुलिस के खूफिया विभाग मुख्यालय में रॉकेट लांचर से हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय: चन्द्रकान्त चड्ढा



लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। गत रात्रि मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया विभाग के मुख्यालय में देश विरोधियों द्वारा रॉकेट लॉन्चर से किये गए हमले को शिवसेना बाला साहेब ठाकरे ने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व् निंदनीय बताया है। पार्टी के पंजाब प्रदेश प्रवक्ता चन्द्रकान्त चड्ढा ने स्थानीय रेखी चौक स्थित कार्यालय में राजेश हैप्पी व् राकेश गोल्डी के नेतृत्व में आयोजित बैठक के दौरान सम्बोधन करते हुए कहा कि आतंकवाद के समय में भी ऐसे शर्मनाक कृत्य को आतंकी नहीं अंजाम दे पाए यह हमला पंजाब पुलिस पर नहीं बल्कि एक एक पंजाबी पर हुआ है जिसे पंजाबी हरगिज़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। चन्द्रकान्त चड्ढा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को राजनीति करने की बजाय चट्टान की भांति पंजाब पुलिस के साथ खड़े होकर पुलिस का मनोबल बढ़ाना चाहिए तांकि समाज विरोधियों की इस कोशिश को नाकामयाब किया जा सके वहीं चड्ढा ने इन गम्भीर हालातों में शिवसेना की ओर से पुलिस प्रशासन को हर सम्भव मदद देने का ऐलान भी किया है।चन्द्रकान्त चड्ढा ने इस कृत्य को अंजाम देने वालो को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि गुरुओं पीरों की धरती पंजाब को किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान या कश्मीर नहीं बनने देंगे।

## स्पा सेंटरों के लिए पुलिस कमिश्नर ने जारी किए निर्देश



लुधियाना / यूटर्न / 10 मई। लुधियाना में चल रह स्पा सेंटरों के लिए पुलिस कमिश्नर ने धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हैं। अपने आदेश में सीपी ने कहा है कि कमिश्नरेट के अंतंगत आते सभी स्पा और मालिश केंद्रों के रिसेप्शन, प्रवेश और निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उनका 30 दिनों का रिकार्डिंग बैकअप बनाए रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के मालिक हर ग्राहक की फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराएंगे तथा उसके हर एक कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन करवाना भी जरूरी है। इन केंद्रों के मालिकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके केंद्रों में किसी भी प्रकार की शराब और नशीला पदार्थ का सेवन न करवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रों के मालिक अपने कर्मचारियों की सूची तत्काल नजदीकी पुलिस थाने में जमा कराएंगे।

## गज्जूमाजरा गुरुद्वारे में लाचारों को बंधक बनाने वाले दो गिरफ्तार

पटियाला / यूटर्न / 10 मई। थाना पसियाणा के तहत आते गज्जूमाजरा स्थित गुरुद्वारे के दो सेवादार लाचार लोगों को बंधक बनाकर उन पर ज्यादती करते थे। गुरुद्वारा साहिब को चलाने वाले इन दो लोगों ने 12 साल के किशोर के साथ मारपीट की थी, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया था। वीडियो 'अपना फर्ज सोसायटी लचकानी' के पास पहुंचा तो सोसायटी के प्रधान सतपाल सिंह ने तुरंत मौके पर पहुंच मामले का खुलासा किया। सोमवार को 12 साल के बच्चे को बरामद करते हुए सोसायटी प्रधान सतपाल सिंह के बयान पर बाबा रणधीर सिंह व बाबा जीती (दिव्यांग) निवासी गुरुद्वारा गांव गज्जूमाजरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर मंगलवार को अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। अपना फर्ज सोसायटी लचकानी के प्रधान के अनुसार पिछले कुछ महीनों से उक्त गुरुद्वारा साहिब में कुछ लोगों की असामाजिक गतिविधियों के बारे में पता चल रहा था, जिसके बाद से ही वह सुबूत जमा कर रहे थे। इन लोगों ने दो बच्चों को अवैध तरीके से बंधक बनाकर रखा था, जिससे ये पशुओं के बाड़े में पशुओं को संभालने व गोबर उठाने का काम लेते थे।

## चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में सैकड़ों कर्मचारी डीसी रेट में बढ़ोतरी की मांग को लेकर जुटे



चंडीगढ़ / यूटर्न / 10 मई। यूटी चंडीगढ़ सबोर्डिनेट सर्विसेज फेडरेशन के बैनर तले चंडीगढ़ के अनेकों कर्मचारियों ने आज सेक्टर 17 डीसी ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। डीसी रेट में बढ़ोतरी को लेकर अनेकों कर्मचारी यहां एकजुट हुए। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। काफी देर चली नारेबाजी के बाद यहां पर प्रशासनिक अफसर पहुंचे। फेडरेशन के प्रैजिडेंट रंजीत मिश्रा ने चंडीगढ़ प्रशासन के अफसर को इस संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। प्रशासन ने फेडरेशन को उनकी मांग पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फेडरेशन के मुताबिक चंडीगढ़ में 15 से 20 हजार आउटसोर्स और ठेकेदारी पर कर्मचारी काम कर रहे हैं। यह अनेकों साल से डीसी रेट पर चंडीगढ़ में काम कर रहे हैं और आवश्यक सेवाओं से जुड़े हुए हैं। कोरोना काल में इन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए सेवाएं दी। वर्ष 2020-21 के लिए इनकी डीसी दरों में की जाने वाली बढ़ोतरी रोक दी गई थी। वहीं वर्ष 2021-22 में डीसी दरों में केवल 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। यह नियमित कर्मचारियों के बढ़े हुए महंगाई भत्तों के हिसाब से बेहद कम थी। हालांकि कोरोना काल में बिना विरोध के इन अस्थाई कर्मचारियों ने इसे स्वीकार कर लिया था। कर्मचारियों का कहना है कि अब कोरोना महामारी के बाद हालात सामान्य हो चुके हैं। ऐसे में वर्ष 2022-23 के लिए 1 अप्रैल, 2022 से डीसी दरों में संशोधन कर बढ़ोतरी की जाए। मांग की गई है कि नियमित कर्मचारियों के बढ़े हुए महंगाई भत्तों के (डीए) के आधार पर डीसी दरों में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। फेडरेशन का कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जाती तो उनका प्रदर्शन शहर में उग्र रुप ले सकता है।

## स्वास्थ्य

### कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप जल्द कर सकती हैं गर्भधारण




हालांकि, कुछ स्त्रियां चाहकर भी अपनी इस इच्छा को पूरा नहीं कर पातीं। ऐसे में वह अक्सर अपनी किस्मत को ही दोष देने लग जाती हैं। हो सकता है कि आपको गर्भधारण करने में कुछ समस्या आ रही हों, लेकिन ऐसे में आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो कुछ आसान टिप्स अपनाकर गर्भधारण की संभावना को बढ़ा सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इन टिप्स के बारे में-

डॉक्टरों के अनुसार, अधिक वजन होने से आपके गर्भवती होने की संभावना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कम वजन होने पर, खासकर अगर आपके अनियमित पीरियड्स हैं, तो आपको समस्या भी हो सकती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि फैट सेल्स एस्ट्रोजन उत्पादन से संबंधित हैं, और यदि आपके पास बहुत अधिक या बहुत कम हैं, तो इससे ओव्यूलेशन में समस्या हो सकती है। अधिक वजन होने से आपके इंसुलिन प्रतिरोध का खतरा भी बढ़ सकता है, जो ओव्यूलेशन को बाधित कर सकता है। पुरुषों में, मोटापा कम टेस्टोस्टेरोन के स्तर और बिगड़ा हुआ शुक्राणु की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है।

#### तनाव को करें कम

अगर आपको गर्भधारण करने में समस्या हो रही है और इसलिए आप बहुत अधिक तनाव ले रही हैं तो यह आपके लिए अच्छा नहीं हैं कई अध्ययन हैं जो बताते हैं कि तनाव एक महिला के मासिक धर्म चक्र को प्रभावित कर सकता है। तनावग्रस्त होना लोगों के लिए बुरा है, क्योंकि यह शुक्राणु उत्पादन और परिपक्वता को प्रभावित कर सकता है। साथ ही, हम सभी जानते हैं कि तनाव यौन इच्छा को कम कर सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, हम अपने जीवन से तनाव को समाप्त नहीं कर सकते हैं, लेकिन हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं। ग्व्यायाम, मालिश, योग, ध्यान और एक्यूपंक्चर सभी को तनाव को मैनेज करने में प्रभावी हो सकते हैं।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# 16 मई को लगेगा चंद्र ग्रहण, भारत में नहीं दिखेगा और नहीं रहेगा सूतक

साल 2022 का पहला चंद्र ग्रहण जल्द ही लगने जा रहा है। इस साल लगने वाला ये चंद्र ग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। बता दें कि इस साल दो चंद्र ग्रहण लगेंगे। सबसे पहला चंद्र ग्रहण 16 मई 2022 को लगने जा रहा है। वहीं, दूसरा चंद्र ग्रहण 8 नवंबर 2022 को लगेगा। ये दोनों ही चंद्र ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होंगे। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि सोमवार 16 मई 2022 को चंद्र ग्रहण होगा। इस दिन वैशाख मास की पूर्णिमा है। ये ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा, इस कारण ग्रहण का सूतक नहीं रहेगा। वैशाख पूर्णिमा से संबंधित पूजन कर्म और अन्य सामान्य पूजा-पाठ के लिए कोई बाधा नहीं रहेगी। हिन्दू पंचांग के अनुसार सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण दोनों का ही जीवन में बहुत महत्व है। ऐसी मान्यता है कि ग्रहण के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं करने चाहिए और ऐसे में भगवान की पूजा भी नहीं की जाती है। 30 अप्रैल 2022 को पहला सूर्य ग्रहण लग चुका है और अब सूर्य ग्रहण के ठीक 15 दिन बाद चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। 30 अप्रैल को लगे इस सूर्य ग्रहण के बाद अब 16 मई 2022 को चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। इस साल कुल 4 ग्रहण लगने हैं, जिनमें से 2 सूर्य ग्रहण हैं और 2 चंद्र ग्रहण हैं। इनमें से एक सूर्य ग्रहण लग चुका है, जो कि आंशिक सूर्य ग्रहण था। लेकिन 16 मई को लगने वाला चंद्र ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने



बताया कि भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत सुबह 7.58 बजे होगी और ग्रहण 11.25 बजे खत्म होगा। यह ग्रहण कनाडा, न्यूजीलैंड के कुछ भागों में, जर्मनी में दिखेगा। 30 अप्रैल को वैशाख अमावस्या पर सूर्य ग्रहण हुआ था, ये ग्रहण भी भारत में नहीं दिखा था। आचार्य वराहमिहिर की बृहत्संहिता में लिखा है कि जब एक ही माह में दो ग्रहण होते हैं तो सैन्य हलचल बढ़ती है और किसी देश में तख्तापलट होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ये चंद्र ग्रहण वृश्चिक राशि में हो रहा है। ग्रहण जहां दिखाई देगा, वहीं इसकी धार्मिक मान्यताएं मान्य होंगी। भारत में ग्रहण का कोई सूतक नहीं होगा और न ही भारत देश में रहने वाले वृश्चिक राशि के लोगों पर इस ग्रहण का कोई असर होगा।

#### चंद्र ग्रहण का समय

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि साल का यह पहला चंद्र ग्रहण 16 मई 2022 को लगेगा। भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत सुबह 7.58 बजे होगी और ग्रहण 11.25 बजे खत्म होगा। हालांकि, भारत में इस चंद्र ग्रहण की दृश्यता शून्य होगी, इसलिए यहां इसका सूतक काल प्रभावी नहीं होगा।

#### कहां-कहां दिखाई देखा चंद्र ग्रहण

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि साल का पहला चंद्र ग्रहण दक्षिणी-पश्चिमी यूरोप, दक्षिणी-पश्चिमी एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के अधिकांश हिस्सों, दक्षिण अमेरिका, प्रशांत महासागर, हिंद महासागर, अटलांटिक और अंटार्कटिका में भी दिखाई देगा।

#### मान्य नहीं होगा सूतक काल

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि सूतक काल चंद्र ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लगता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, सूतक काल के दौरान कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। भारत में यह चंद्र ग्रहण दिखाई नहीं देगा इसलिए यहां सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

#### चंद्र ग्रहण ग्रहण के दौरान मंत्र जाप

ॐ क्षीरपुत्राय विद्महे अमृत तत्वाय धीमहि तन्नो चन्द्रः प्रचोदयात्

#### क्या होता है पूर्ण चंद्र ग्रहण

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस साल लगने वाला चंद्र ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण है. पूर्ण चंद्र ग्रहण तब लगता है जब सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी ठीक उसके सामने आ जाती है और उसी समय पृथ्वी के आगे चंद्रमा आ जाता है। ऐसी स्थिति में पृथ्वी सूर्य को पूरी तरह से ढक लेती है जिस से चंद्रमा तक सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंच पाता।

#### वैशाख पूर्णिमा पर कर सकेंगे पुण्य कर्म


भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि भारत में ग्रहण नहीं दिखने से यहां ग्रहण से संबंधित कोई नियम मान्य नहीं होगा। इस कारण वैशाख पूर्णिमा से संबंधित सभी पुण्य कर्मों में किसी तरह की कोई बाधा नहीं रहेगी। पूर्णिमा पर पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व है। किसी तीर्थ क्षेत्र के मंदिरों के दर्शन करें। दान-पुण्य करें। पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण की कथा करने की परंपरा है। इसके साथ ही भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का अभिषेक करें। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। सोमवार को पूर्णिमा होने से इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध और फिर से जल चढ़ाकर अभिषेक करना चाहिए। धूप-दीप जलाएं। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जाप करते हुए पूजा करें।

# कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन

भारत के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित खूबसूरत राज्य कर्नाटक अपने हाई-टेक हब, नाइटलाइफ़, भव्य महलों, पुराने मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस राज्य में हरे-भरे वातावरण और शांति प्रदान करते कई हिल स्टेशन भी हैं। जो लोग शहर की भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ शांत समय बिताना चाहते हैं, वह इन हिल स्टेशनों में जा सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियों, झरनों और सुविधाजनक स्थानों से लेकर ऐतिहासिक आकर्षणों और एड्रेनालाईन गतिविधियों तक, कर्नाटक के हिल स्टेशनों में बहुत कुछ है। तो चलिए आज हम आपको कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशनों के बारे में बता रहे हैं।

#### चिकमगलूर, कर्नाटक

चिकमगलूर चाय और कॉफी के बागानों, दूधिया-सफेद झरनों और खूबसूरत पार्कों से भरपूर है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान हेब्बे फॉल्स, कल्लाथिगिरी फॉल्स, हनुमना गुंडी फॉल्स, भद्रा वन्यजीव अभयारण्य, महात्मा गांधी पार्क, कॉफी संग्रहालय, हिरेकोले झील, कोडंदरामा मंदिर आदि हैं। अगर आप यहां पर हैं तो चाय और कॉफी के बागानों में टहलें, उच्चतम मुल्लायनगिरी चोटी पर जाएँ, क्यातनामक्की में सुंदर दृश्यों का आनंद लें, अमृतेश्वर और विद्याशंकर मंदिर में जाएं।



#### नंदी हिल्स, कर्नाटक

4849 फीट की ऊंचाई पर स्थित नंदी हिल्स कर्नाटक के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। हरे भरे परिवेश, ट्रेकिंग ट्रेल्स और आश्चर्यजनक दृश्यों के अलावा, इस जगह में कई स्मारकों और मंदिरों के साथ एक लोकप्रिय ऐतिहासिक किला भी है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान टीपू की बूंद, टीपू का ग्रीष्मकालीन निवास, अमृता सरोवर, भोग नंदीश्वर मंदिर, ब्रह्मश्रम, नेहरू निलय, ग्रोवर जम्पा वाइनयार्ड आदि है।

#### सिरसी, कर्नाटक

घने जंगलों के बीच बसा कर्नाटक का यह आकर्षक हिल स्टेशन, बैंगलोर से एक आदर्श वीकेंड गेटवे है। विविध वन्यजीवों से भरे घने उष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर सुरम्य झरनों और हरी-भरी पहाड़ियों तक, सिरसी की प्राकृतिक सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। अगर आप यहां पर हैं तो मुरेगर फॉल्स, शिवगंगा फॉल्स, बुरुड फॉल्स, उंचल्ली फॉल्स, विभूति फॉल्स, मरिकंबा मंदिर, श्री महागणपति मंदिर, गुडवी पक्षी अभयारण्य आदि जगहों को जरूर एक्सप्लोर करें।

#### माले महादेश्वर या एमएम हिल्स, कर्नाटक

सात पहाड़ी श्रृंखलाओं, एमएम हिल्स समुद्र तल से 3200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और 'स्वयंभू' या स्वयं प्रकट रूप में भगवान शिव के साथ एक प्राचीन मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। धार्मिक स्थलों के अलावा, यह स्थान वनस्पतियों और जीवों में समृद्ध है, जो इसे वन्यजीव प्रेमियों और एड्रेनालाईन के दीवाने लोगों के बीच एक लोकप्रिय आकर्षण बनाता है। यहां पर आने वाले हर यात्री को श्री माले महादेश्वर मंदिर, थाला बेट्टा, नागमाले हिल्स आदि जगहों पर जरूर जाएं। साथ ही घने जंगलों में हाथियों और अन्य जानवरों को देखना ना भूलें।

#### गंगामूला, कर्नाटक

हरे-भरे और घने जंगलों से घिरा गंगामूला उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो प्रकृति की गोद में क्वालिटी टाइम बिताना चाहते हैं। हिल स्टेशन एक धुंधली जलवायु और आश्चर्यजनक परिदृश्य और आकर्षण का आनंद लेता है। यह स्थान तीन महत्वपूर्ण नदियों तुंगा, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थल होने के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थानों में हनुमना गुंडी जलप्रपात, श्री अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर, सिरिमाने जलप्रपात, गोमतेश्वर प्रतिमा, चतुर्मुख बसदी, श्री वेंकटरमण मंदिर, अंबा तीर्थ आदि शामिल है। अगर आप यहां पर हैं तो कुरिंजल पीक और नरसिम्हा पर्वत के लिए ट्रेक, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता को देखें। भगवती प्रकृति शिविर में प्रकृति की सैर, जीप सफारी और ट्रेकिंग का आनंद लें।

# सितंबर में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के साथ 3 टी-20 मैचों में दो-दो हाथ करेगी



मुंबई / यूटर्नः इस साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए टीम इंडिया सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी। इस साल टी-20 वर्ल्ड कप 16अक्टूबर से 13 नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होना है। एक स्पोर्ट्स वेबसाइट के मुताबिक एरॉन फिंच की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम अगस्त- सितंबर में जिम्बाब्वे, और न्यूजीलैंड टीम के साथ वाइट बॉल की घरेलू सीरीज खेलेगी। उसके बाद सितंबर में ऑस्ट्रेलियाई टीम 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी। फिर ऑस्ट्रेलियाई टीम घर में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से 3-3 टी-20 की सीरीज खेलेगी।

### का टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरा

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सितंबर में भारत दौरा करने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम अगले साल फरवरी-मार्च में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 4 मैचों की टेस्ट सीरीज भी खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पिछली बार 2017 में टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। तब कंगारू टीम को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछली बार 2004-05 में भारत में टेस्ट सीरीज जीती थी।

### टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ग्रुप-2 में है

टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर 12 के लिए टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप-2 में हैं। इसी ग्रुप में साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें भी है और इनके अलावा 2 टीम क्वालिफाई होकर आएंगी। वहीं ग्रुप-1 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान हैं। इनके अलावा इस ग्रुप में भी दो टीम क्वालिफाई होकर आएंगी।

# बल्ले तक गेंद पहुंचने से पहले ही अंपायर ने रोहित शर्मा को दिया आउट करार

मुंबई / यूटर्नः कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस को 52 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त झेलनी पड़ी। टारगेट इतना बड़ा नहीं था, लेकिन फिर भी मुंबई की टीम 113 रन पर ही ऑलआउट हो गई। इस मुकाबले के दौरान सबसे ज्यादा विवाद रोहित शर्मा के आउट के निर्णय को लेकर हुआ। रोहित शर्मा स्वयं भी तीसरे अंपायर के निर्णय से खासे निराश दिखे। इस घटना ने एक बार फिर से तकनीक की पोल खोल कर रख दी, क्योंकि गेंद के रोहित के बल्ले को छूने से पहले ही अल्ट्राएज में स्पाइक देखने को मिला। मुंबई की टीम मैच में 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी तो रोहित शर्मा और ईशान किशन पारी की शुरुआत करने आए। फैन्स को रोहित से खासी उम्मीद थी, लेकिन पहले ही ओवर में टिम साउदी की आखिरी गेंद पर




हिटमैन विकेट के पीछे लपके गए। तीसरे अंपायर के लिए तकनीक की मदद से जब बल्ले और गेंद के बीच संपर्क का स्पाइक दिखाया गया तो हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, गेंद अभी बल्ले पर लगी भी नहीं थी कि मीटर पर स्पाइक दिखने लगा। तीसरे अंपायर ने इसे नजरअंदाज करते हुए रोहित को आउट करार दिया। इस गलत फैसले पर एक वक्त तो मुंबई के कप्तान को यकीन ही नहीं हुआ। साउदी ने लेंथ बॉल की और मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा को गेंद के एंगल के कारण बड़े शॉट खेलने का मौका नहीं दिया। ऐसे में रोहित ने गेंद को लेग साइड की तरफ टैप कर सिंगल लेने की सोची। हालांकि रिव्यू देखकर लगा कि जब रोहित शॉट खेलने से चूके तो बॉल उनके थाई पैड से लगकर विकेटकीपर शेल्डन जैक्सन के हाथों में चली गई, जिन्होंने डाइव लगाते हुए कैच लपका।

ऑन-फील्ड अंपायर ने कैच अपील को अस्वीकार कर दिया, जिसके कारण कोलकाता नाइट राइडर्स ने डीआरएस लिया। गेंद के बल्ले से गुजरने से पहले और बाद में अल्ट्राएज पर बड़े स्पाइक्स थे और जब गेंद बल्ले से गुजर रही थी तो अल्ट्राएज पर भी स्पाइक्स थे।

# नताशा ने गोल्डन लुक में ढाया कहर

भारतीय सोशलाइट और बिजनेसवुमेन नताशा पूनावाला ने मेट गाला 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। नताशा पूनावाला ने न्यूयॉर्क में द मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट में आयोजित मेट गाला 2022 में Gilded Glamour थीम लेकर भारतीय लहजे के साथ साड़ी पहनी। उनकी साड़ी की तस्वीरें अब पूरे सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रही है। नताशा ने सब्यसाची डिजाइनर की साड़ी के साथ भारतीय जूलरी कैरी की थी जिससे उनका कॉम्बिनेशन काफी आकर्षक लग रहा था। डिजाइनर सब्यसाची ने नताशा की तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। बता दें कि इस साल मेट गाला की थीम इन अमेरिकाः एन एंथोलॉजी ऑफ फैशन और ड्रेस कोड गिल्डेड ग्लैमर है। नताशा इस ड्रेस कोड को काफी अच्छे तरीके से अपनाते हुए नजर आ रही है। भारतीय डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी ने मेट गाला के लिए नताशा पूनावाला की साड़ी और जूलरी डिजाइन की थीं। वहीं साड़ी के ऊपर का बस्टियर टॉप Schiaparelli से डिजाइन कराया गया है। देसी और अमेरिकन का कॉम्बिनेशन से बना यह आउटफिट नताशा को मेट गाला नाइट की बेस्ट ड्रेस्ड सेलेब्रिटीज की लिस्ट में ला दिया है। नताशा की गोल्डन लुक वाली तस्वीरें सब्यसाची ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। सब्यसाची के मुताबिक मेट गाला के लिए नताशा ऐसा आउटफिट चाहती थी जो भारतीय चमक के साथ-साथ मल्टी कल्चर भी दिखें। सब्यसाची ने ठीक वैसा ही आउटफिट तैयार किया है। फैंस ने भी इन तस्वीरों के शेयर किया है। नताशा की ड्रेस में रेशमी कढ़ाई के साथ सुनहरे धागों का काम किया गया है।







# दिशा पाटनी दिखेंगी 'प्रोजेक्ट के' में

अभिनेत्री दिशा पटानी अब नाग अश्विन की फिल्म 'प्रोजेक्ट के' में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। बहुभाषी साइंस-फिक्शन फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज के बैनर तले होगा। अभिनेत्री ने शनिवार देर रात अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के निर्माताओं द्वारा भेजे गए एक गिफ्ट हैंपर की तस्वीर साझा की। वैजयंती मूवीज द्वारा हस्ताक्षरित नोट में लिखा था, ''प्रिय दिशा, 'प्रोजेक्ट के' आपका स्वागत करता है। हम आपको फिल्म में पाकर रोमांचित हैं। 'मलंग' और 'राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं पटानी 'प्रोजेक्ट के' में एक दिलचस्प भूमिका निभाएंगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार अश्विन को वर्ष 2018 की जीवनी आधारित फिल्म 'महानती' के निर्देशन के लिए जाना जाता है। पटानी इसके बाद 'एक विलेन रिटर्न्स', 'योद्धा' और 'केटीना' में नजर आएंगी।

# बैकलेस ब्रा में तेजस्वी ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



'नागिन 6' फेम अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 का ख़िताब जितने के बाद से लोगों की नजरों में छाई हुई हैं। तेजस्वी किसी न किसी वजह से हमेशा ही इंटरनेट पर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें, वीडियो शेयर करती हैं। तेजस्वी के फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए उनकी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर टॉंक लगाएं बैठे रहते हैं। अभिनेत्री भी अपने चाहनेवालों को निराश नहीं करती हैं। बीते दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करके तेजस्वी ने फैंस को हॉटनेस का जबरदस्त डोज दिया। तस्वीरें देखकर उनके फैंस पागल हो गए हैं। सोमवार यानि 9 मई को अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने सोशल मीडिया पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की। अपनी इन दिलकश तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, ₹गर्मी का मौसम है... अपने नारियल पानी को कभी न भूलें₹। तेजस्वी ने अपने लुक के लिए रेड बैकलेस ब्रा टॉप को हाई-वेस्ट रेड पैंट के साथ पहना हुआ था। नेचुरल मेकअप, मिनिमल एक्सेसरीज और हाई हील्स के साथ उन्होंने अपने स्मोकी लुक को कम्पलीट किया। तस्वीरों में तेजस्वी कातिलाना पोज देते हुए काफी हॉट लग रही हैं। तेजस्वी प्रकाश के इस हॉट अवतार को देखकर उनके बॉयफ्रेंड और अभिनेता करण कुंद्रा भी खुद को कमेंट करने से रोक नहीं पाए। करण ने तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, ₹मुझे इस पोस्ट के बाद ट्रक भरकर नरियाल पानी चाहिए₹। आपको बता दें कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा ने बिग बॉस 15 में एक कंटेस्टेंट के रूप में हिस्सा लिया था। शो के दौरान दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया था। दोनों बिग बॉस के घर में एक कंटेस्टेंट के तौर पर गए थे और घर से बाहर एक कपल बनकर निकले।

खुद बोलती तस्वीर


अनुस्का मॉन्डल

बिशनुपुर, वैस्ट बंगाल की महज 13 साल की आर्टिस्ट अनुस्का मॉन्डल का शानदार पेंसिल स्केच वर्क...

# श्रीलंका में छिड़ सकता है गृह युद्ध

## पूर्व पीएम महिंदा राजपक्षे ने नेवल बेस में शरण ली, अब तक 8 की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में आर्थिक संकट से उपजा असंतोष अब गृह युद्ध की वजह बन सकता है। सोमवार को प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे विपक्ष के दबाव में इस्तीफा दे चुके हैं। उनके इस्तीफे से नाखुश समर्थकों ने राजधानी कोलंबो में हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। इसके बाद उनके विरोधी भी उग्र हो गए। जब राजपक्षे के समर्थकों ने कोलंबो छोड़कर जाने की कोशिशें कीं। उनकी गाड़ियों को जगह-जगह निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूर्व PM महिंदा राजपक्षे और उनके परिवार ने पूर्वी श्रीलंका के त्रिनकोमाली नेवल बेस में शरण ली है। उन्हें एक हेलिकॉप्टर के जरिए बेस तक ले जाया गया। वहीं, इस बात की जानकारी मिलने पर बेस के बाहर प्रदर्शनकारियों की भीड़ जमा हो गई है। इस हिंसा में अब तक 8 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हैं। श्रीलंका में जारी संकट के बीच भारत ने मंगलवार को मदद करने की बात कही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा- श्रीलंका में स्थिरता और आर्थिक सुधार के लिए भारत पूरी मदद करेगा। बता दें कि श्रीलंका के लिए भारत इस साल 3.5 बिलियन डॉलर (करीब 27 हजार करोड़ रुपए) की मदद भेज चुका है। विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को महिंदा को गिरफ्तार करने की मांग की है। इनका कहना है कि महिंदा ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों को उकसाया और हिंसा भड़काई। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को हंबनटोटा में महिंदा राजपक्षे के पुश्तैनी घर को आग के हवाले कर दिया। वहीं, राजधानी कोलंबो में पूर्व मंत्री जॉनसन फर्नांडो को कार सहित झील में फेंक दिया गया। अब तक 12 से ज्यादा मंत्रियों के घर जलाए जा चुके हैं। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक, सोमवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने PM के आधिकारिक आवास 'टेम्पल ट्री' का मेन गेट तोड़ दिया और यहां खड़े ट्रक में आग लगा थी। इसके बाद आवास के अंदर गोलीबारी भी की गई। उग्र होती भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और हवाई फायरिंग की। श्रीलंका 1996 वर्ल्ड कप विजेता टीम के कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने PM आवास पर हिंसा के लिए श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है। रणतुंगा ने कहा कि SLPP ने ही लोगों की हिंसक भीड़ को इकट्ठा किया था।



### श्रीलंकाई सांसद अमरकीर्ति अथुकोरला की मौत

बीते दिन श्रीलंकाई सांसद अमरकीर्ति अथुकोरला की मौत की खबर भी सामने आई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमरकीर्ति ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग कर दी थी और बाद में भीड़ से बचने के लिए बिल्डिंग में छिप गए। यहीं से उनका शव बरामद हुआ है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि उनकी मौत किस वजह से हुई है।

**प्रधानमंत्री आवास के अंदर फायरिंग**

# मूंछों पर ताव देते हुए कोर्ट पहुंचा आरोपी आशीष मिश्रा

लखीमपुर-खीरी / यूटर्न: केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू पर आज आरोप तय होने थे, लेकिन सुनवाई 24 मई तक के लिए टाल दी गई है। आशीष के वकील ने डिस्चार्ज एप्लिकेशन देते हुए दलील दी कि मंत्री पुत्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य को रिसीव करने जा रहे थे। यह महज एक दुर्घटना थी। इसे सोची समझी साजिश करार नहीं दिया जा सकता। इस पर किसान पक्ष के वकील मोहम्मद अमान ने आपत्ति दाखिल की। इसके बाद कोर्ट ने अगली डेट 24 मई तय की है। इससे पहले पेशी के लिए मोनू जब पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में दाखिल हुआ तो वह लगातार अपनी मूंछों पर ताव देता नजर आया। बता दें, लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा में आशीष समेत 14 आरोपियों में से 13 आरोपी जिला जेल में बंद हैं।



इसमें सिर्फ एक को जमानत मिल चुकी है। 3 जनवरी को कोर्ट में 5 हजार पेज की चार्जशीट दाखिल की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 10 फरवरी को आशीष को जमानत दी थी, जिसके बाद किसान पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। कोर्ट में यह बताया था कि उनका पक्ष सुने बिना ही हाईकोर्ट ने इस मामले पर फैसला दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 18 अप्रैल को अपना फैसला सुनाते हुए जमानत रद्द कर दी थी। तिकुनिया हिंसा का मुख्य आरोपी आशीष मिश्र 24 अप्रैल 2022 से जेल में है। आशीष मिश्र ने खुद को निर्दोष बताते हुए आरोपों से अलग करने की अर्जी (डिस्चार्ज एप्लिकेशन) दी थी। इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि उसके खिलाफ कार्रवाई का कोई आधार नहीं है। अदालती पत्रावली में ऐसे कोई सबूत नहीं हैं, जिनके आधार पर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके।

# हिंदू संगठन ने मीनार का नाम विष्णु स्तंभ करने की मांग की

दिल्ली / यूटर्न: दिल्ली स्थित कुतुब मीनार परिसर में हिन्दू संगठनों ने हनुमान चालीसा का पाठ करके इसका नाम विष्णु स्तंभ करने की मांग की है। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट का दावा है कि जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर कुतुब मीनार को बनाया गया था। पुलिस ने संगठन के कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है। यह प्रदर्शन उस समय हुआ है, जब ताज महल को तेजो महालय बताकर उसके 22 कमरे खुलवाकर जांच कराने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल की गई है। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जयभगवान गोयल ने दावा किया है कि कुतुब मीनार को 27 जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर बनाया गया था। परिसर में



मौजूद हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों का जीर्णोद्धार होना चाहिए और हिंदुओं को परिसर में पूजा करने की इजाजत मिलनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने पिछले महीने कहा था कि कुतुब मीनार असल में विष्णु स्तंभ है। कुतुब मीनार को 27 जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर बनाया गया था। उन्होंने कहा था कि जो भी मंदिर तोड़े गए थे, उनका पुनर्निर्माण किया जाए।

# हिंद महासागर से एक साथ दो तूफान बढ़ रहे आगे, पहुंचेगा नुकसान

नई दिल्ली / यूटर्न: दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'असानी' का असर दिखने लगा है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और तमिलनाडु में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई है। इस बीच एक सैटेलाइट तस्वीर ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस तस्वीर को देखने के बाद मौसम वैज्ञानिकों ने हिंद महासागर के दक्षिणी भाग में एक और चक्रवात के उठने की बात कही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि हिंद महासागर में 'असानी' के साथ ही एक और चक्रवात तेजी से आकार ले रहा है। इसे दक्षिण अफ्रीकन देश सेशेल्स ने 'करीम' नाम दिया है। ये फिलहाल 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है जो बाद में 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक



पहुंच सकता है। चक्रवाती तूफान 'असानी' 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा की ओर से बढ़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि असानी के असर के कारण 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बारिश होने के भी आसार है। मौसम विभाग ने तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की आशंका जाहिर की है।

# तूफान की वजह से विशाखापट्टनम में 23 और चेन्नई में 10 फ्लाइट्स कैंसिल

नई दिल्ली / यूटर्न: साल के पहला चक्रवाती तूफान असानी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में असर दिखाना शुरु कर दिया है। तेज हवाओं की वजह से मंगलवार को आंध्र के कई शहरों में बारिश ने दस्तक दे दी है। विशाखापट्टनम में भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राज्य के श्रीकाकुलम, नेल्लोर में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। खराब मौसम की वजह से मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से उड़ान भरने और लैंड करने वाली 23 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है। वहीं, चेन्नई एयरपोर्ट ने भी 10 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है। इनमें हैदराबाद, विशाखापट्टनम, जयपुर और मुंबई जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र भुवनेश्वर के मुताबिक, अगले 24 घंटे के अंदर ओडिशा के मल्कनगिरी, गजपति, गंजम और पुरी जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है।

# पंडित शिवकुमार शर्मा का निधन, राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

मुम्बई / यूटर्न: महाराष्ट्र सरकार ने घोषणा की है कि मशहूर संगीतकार पद्म विभूषण पंडित शिवकुमार शर्मा का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। सीएम उद्धव ठाकरे और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने संगीतकार पद्म विभूषण पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन पर शोक जताया है। साथ ही सीएम ठाकरे ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। सीएमओ ने इसे लेकर एक बयान भी जारी किया है। शोक जताते हुए सीएम ठाकरे ने कहा कि



भारतीय संगीत के एक सम्मानित युग का अंत हुआ है। पंडित शर्मा और संतूर वाद्य का अटूट संबंध रहा है। संतूर को उनके नाम से जाना जाता था। पंडित शर्मा के संतूर वादन और उनकी अलौकिक आवाज ने न केवल भारतीयों बल्कि दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया। जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग लोक कहा जाता है। इसी भूमि से पंडित जी ने न केवल देश बल्कि दुनिया भर को संगीत की लहरों से रूबरू कराया। पंडित शिवकुमार ने संतूर से दुनिया को परिचित कराया। यह पंडित शर्मा की निरंतर साधना का योगदान है, भारतीय संगीत क्षेत्र पंडित शर्मा के योगदान को कभी नहीं भूल सकता।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma